दो दिवसीय कार्यक्रम में आने का न्योता

विधायकों के नेतृत्व कौशल को विकसित करेगा आईआईएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को निमंत्रण देते आईआईएम के अधिकारी।

रायपुर@ पत्रिका. प्रदेश के विधायकों के नेतृत्व कौशल को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर विकसित करेगा। इसके लिए दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संस्थान के निदेशक रामकुमार काकानी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की और उनको 22 व 23 मार्च को आयोजित होने वाले पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री साय ने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए इस पहल की सराहना की।

काकानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विधायकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य समकालीन प्रबंधन और नीति निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति और उनके अनुभवजन्य विचार न केवल कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे, बल्कि प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायक भी होंगे। यह कार्यक्रम प्रदेश के विधायकों को प्रभावी नेतृत्व कौशल विकसित करने और नीति निर्माण में नवीन दृष्टिकोण अपनाने के लिए सहयोग करेगा। यह पहल छत्तीसगढ़ में सुशासन और जनहितैषी नीतियों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस मौके पर प्रोफेसर संजीव पाराशर भी उपस्थित थे।

Patrika, 21st March,2025, P.05